# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 29.08.2026 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।**

2. **माध्यमिक आचार्य भर्ती परीक्षा पर झारखंड उच्च न्यायालय सख्त, मुख्य सचिव को प्राथमिकी दर्ज कराने और सीआईडी को जांच सौंपने का निर्देश।**

3. **राज्य में स्वाइन फ्लू को लेकर अलर्ट जारी, अस्पतालों में मरीजों के इलाज के लिए आइसोलेशन वार्ड चिन्हित करने का निर्देश।**

4. **राज्य के कई इलाकों में इकतीस अगस्त तक गरज के साथ भारी बारिश होने की संभावना, वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी। और**

5. **राष्ट्रीय खेल दिवस पर राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन, रांची में इंटर स्टेट पारा वुडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, हजारीबाग में तीन दिवसीय प्रमंडलीय खेल की शुरूआत।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सवेरे 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ सैंतीसवां एपिसोड होगा। मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर तथा दूरदर्शन न्यूज़ की वेबसाइट पर किया जाएगा।

*******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से आज आईसीएआर से संबद्ध भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉ0 सुजय रक्षित ने रांची स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान रांची सहित राज्यभर में कृषि अनुसंधान, फसलों की गुणवत्ता में सुधार सहित कृषि से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि अन्नदाताओं को सहयोग और प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है और इसमें संस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

*******************

पश्चिम सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के केंजरा टोला में भूमि विवाद में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या कर दी गई। तीनों शवों का आज जमशेदपुर स्थित एमजीएम अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा अस्पताल पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री मुंडा ने घटना की निंदा करते हुए राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

*******************

माध्यमिक आचार्य नियुक्ति मामले में दोबारा परीक्षा लिए जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर आज झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने सुनवाई के बाद मामले में मुख्य सचिव को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने मामले की जांच सीआईडी को सौंपने और समय सीमा में जांच पूरी करने का निर्देश दिया है।

*******************

फेडरेशन ऑफ़ झारखंड चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की वार्षिक आम चुनाव की प्रक्रिया आगामी 31 अगस्त से शुरू हो रही है। इसके तहत 12 सितंबर को वोट डाले जाएंगे। चेंबर के चुनाव को देखते हुए अलग–अलग गुटों में और व्यापारियों में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। चेंबर चुनाव में हिस्सा ले रहे तुलसी गुट के प्रमुख तुलसी पटेल ने आज रांची में प्रेसवार्ता में अपनी भावी रणनीति का जिक्र किया।

*******************

देश के कई राज्यों में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। केंद्र सरकार के जारी निर्देश के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने राज्य के सभी सिविल सर्जनों को अलर्ट रहने और संक्रमण से निपटने के लिए अस्पतालों में कम से कम 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड चिन्हित करने का निर्देश दिया है।

*******************

राजधानी रांची में कल विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से रैली का आयोजन किया गया है। गुमला जिला भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष छोटेलाल उरांव ने आज प्रेसवार्ता में कहा कि परिसीमन होना एक संवैधानिक प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया में आदिवासी समाज का कोई नुकसान नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि परिसीमन को लेकर कुछ संगठनों द्वारा आदिवासी समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है।

*******************

इधर आदिवासी छात्र संघ ने जनगणना में सरना धर्मकोड का विकल्प नहीं होने पर परिसीमन और जनगणना दोनों का बहिष्कार करने की घोषणा की है। संघ के केंद्रीय संयोजक डॉ. सुशील कुमार मिंज ने आज रांची में प्रेस वार्ता में कांग्रेस पर वर्ष 1961 में आदिवासी धर्म कोड को षड्यंत्र के तहत हटाने का आरोप लगाया।

*******************

गिरिडीह पुलिस की पहल आपका मोबाइल फिर से आपका के तहत आज जिले भर के 112 लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन वापस सौंपे गए। इस दौरान मोबाइल धारकों ने गिरिडीह पुलिस के प्रति आभार जताया है। इस मौके पर जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने बताया कि अब तक सैकड़ों लोगों को उनके मोबाइल लौटाए जा चुके हैं, जिससे लोगों के चेहरे पर मुस्कान वापस आई है।

*******************

राज्य के कई इलाकों में आगामी इकतीस अगस्त तक गरज के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने बताया है कि आज कोडरमा समेत हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, पूर्वी तथा पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला–खरसावां जिले में कहीं–कहीं पर भारी बारिश हो सकती है। कल दुमका, देवघर, जामताड़ा, गिरिडीह, खूंटी, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो और धनबाद में कहीं–कहीं भारी बारिश के आसार हैं। वहीं इकतीस अगस्त को गुमला, रांची, खूंटी, लोहरदगा और लातेहार जिले में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान आंधी और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की गई है।

*******************

राष्ट्रीय खेल दिवस पर आज राजधानी रांची समेत राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर रांची के गांधीनगर में इंटर स्टेट पारा वुडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान पारा वुडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मुकेश कंचन ने कहा कि इस खेल में पहली बार वैसे दिव्यांग खिलाड़ी शामिल हुए, जो दिव्यांग के साथ–साथ मानसिक रूप से भी कमजोर हैं।

*******************

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हजारीबाग में तीन दिवसीय प्रमंडलीय खेल महोत्सव का आज से शुरू हो गया। महोत्सव का उद्‌घाटन सांसद मनीष जायसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद, अमित यादव और उपायुक्त हेमंत सती ने संयुक्त रूप से किया। इसमें हजारीबाग कोडरमा, चतरा, गिरिडीह, रामगढ़, बोकारो और धनबाद के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

******समाप्त*******